# मेरी लगी श्याम संग प्रीत | by Sanjana Vohra

मेरी लगी श्याम संग प्रीत
ये दुनिया क्या जाने
क्या जाने कोई क्या जाने
क्या जाने कोई क्या जाने
मुझे मिल गया मन का मीत
ये दुनिया क्या जाने
मेरी लगी श्याम संग प्रीत ........

छवि लगी मैंने श्याम की जबसे
भई बावरी मैं तो तब से
बाँधी प्रेमक की डोर मोहन से
नाता तोडा मैंने जग से
मेरी कैसी पागल प्रीत
ये दुनिया क्या जाने
मेरी लगी श्याम संग प्रीत ........

मोहन की सुन्दर सुरतिया
मन में बस गई मोहिनी मूरतिया
लोग कहें मैं तो भई बावरिया
जबसो ओढ़ी श्याम चुनरिया
मैंने छोड़ी जग की रीत
ये दुनिया क्या जाने
मेरी लगी श्याम संग प्रीत ........

हर दम अब तो रहूं मस्तानी
लोक लाज सब दीन्हि बिसरानी
रूप राशि अंग अंग समानी
हैरत हैरत रहूं दीवानी
मैं तो गाऊं खुशी के गीत
ये दुनिया क्या जाने
मेरी लगी श्याम संग प्रीत ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80%e0%a4%a4-by-sanjana-vo/